प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## सर्तकता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

विश्वविद्यालय में वेटनरी सोसाइटी द्वारा सर्तकता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष सर्तकता की जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें है। उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा भ्रष्टाचार को हटाने में युवाओं की भागीदारी पर अपने मत प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता में हिन्दी एवं आंग्ल भाषा में भाषण दिया गया, जिसमें हिन्दी भाषा में तमन्ना जोशी (वेटनरी प्रथम वर्ष) प्रथम तथा अंजली सती (वेटनरी चतुर्थ वर्ष) द्वितीय रहें एवं अंग्रेजी भाषा में अयान सिंह (वेटनरी प्रथम वर्ष) प्रथम एवं आस्था चन्द (वेटनरी प्रथम वर्ष) द्वितीय स्थान पर रहें।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा. ममतेश सक्सेना उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम के अंत में अधिष्ठाता पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय डा. एस.पी. सिंह द्वारा विद्यार्थियों व अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में स्टाफ काउंसलर डा. मीना मृगेश एवं सोसाइटी सदस्य, पियूष पांडे, नीरज बिष्ट, अपूर्वा रावत आदि उपस्थित थे।



*कार्यक्रम में विद्यार्थियों जानकारी देते अधिष्ठाता पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय डा. एस.पी. सिंह।*

**निदेशक संचार**